# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय

**आरा – 802 301 (बिहार)**

**Ph. & Fax : 06182 - 239209**


पत्रांकः-.............................................. दिनांकः-......................................

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या**

सभी अंगीभूत/नव स्थापित अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

विषयः- स्नातक सत्र 2026-30, सेमेस्टर-I, में नामांकन हेतु समर्थ पोर्टल पर पेमेंट की समस्या होने के कारण नामांकन प्रक्रिया को मैनुअल तरीके से नामांकन शुल्क लेने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार सूचित करना है कि स्नातक सत्र 2026-30 (प्रथम एवं द्वितीय मेधा सूची) के जिन चयनित छात्र/छात्राओं को समर्थ पोर्टल पर शुल्क भुगतान करने में तकनीकि समस्या हो रही है, उनका नामांकन शुल्क महाविद्यालय अपने स्तर पर मैनुअल रूप से ले सकते हैं। महाविद्यालय ऐसे छात्रों से नामांकन शुल्क (जहां लागू हो), प्रायोगिक शुल्क एवं पंजीयन शुल्क ऑफलाइन (नगद चालान) लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी करें तथा उनका विवरण (नाम, फॉर्म नम्बर, रसीद) सुरक्षित रखें। बाद में विश्वविद्यालय द्वारा मांग किये जाने पर इन छात्रों का फॉर्म नम्बर एवं विवरण उपलब्ध कराना होगा, ताकि समर्थ पोर्टल से हुए नामांकन और मैनुअल नामांकन के डेटा को एक साथ स्वीकृत कर पोर्टल पर अपडेट किया जा सके। कृपया इसे अत्यंत आवश्यक समझा जाये।

**नोटः- ऐसे साथ छात्र/छात्राएं जिनका प्रथम मेधा सूची में महाविद्यालय आवंटित हो चुका है, लेकिन शुल्क भुगतान की समय सीमा खत्म हो गई है, इस कारण उनका महाविद्यालय द्वारा प्रक्रिया किए जाने में असुविधा हो रही है तो उन्हें भी मैनुअल तरीके से नामांकन प्रक्रिया करते हुए मैनुअल तरीके से शुल्क लिया जा सकता है जिसकी सम्पूर्ण सूचना अध्यक्ष, छात्र कल्याण कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा एवं सभी शुल्क खाता संख्याः- .Name of the Account : SAMARTH ADMISSION ACCOUNT, VKSU ARRAH, A/c No. : 5990318451 Name of the Bank : CBI, VKSU, Arrah, Old Campus, Katira, Arrah, IFS code : CBIN0283838 के नाम से बैंक ड्राफ्ट द्वारा विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।**

विश्वासभाजन

ह०/-

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

**ज्ञापांक** DSW/55/26 ........ **दिनांक** ....16/07/2026...

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः-

1. कुलपति/प्रतिकुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण** 16·07·26

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

16.07.2026.